# अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2021 22

## विषय : हिन्दी

**समय: 3:00 घंटे** **कक्षा 11** **पूर्णांक : 90**

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य है।

खण्ड (क)

1. (क) गद्य का प्राचीनतम रूप किस भाषा में मिलता है?

(ख) खड़ीबोली गद्य की प्रथम रचना एवं रचनाकार का नाम लिखिए।

(ग) 'रानी केतकी की कहानी' किसकी रचना है?

(घ) गद्य की प्रमुख चार विधाओं का नाम लिखिए।

(ङ) 'भारतेन्दु युग' किस कवि के नाम पर पड़ा?

2. (क) आदिकाल को आदिकाल नाम किसने दिया?

(ख) किन्ही 'दो' कृष्णभक्ति कवियों के नाम एवं रचना लिखिए।

(ग) रीतिकाल की दो विशेषताएँ लिखिए।

(घ) हिन्दी के प्रथम महाकवि का नाम लिखिए।

(ङ) रामचरितमानस किसकी रचना है?

3. निम्म गद्यों में से किसी एक गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) ये सब तो समाज धर्म है। जो देश काल के अनुसार शोधे और बदले जा सकते हैं। दूसरी खराबी यह हुई है कि उन्हीं महात्मा बुद्धिमान ऋषियों के वंश के लोगों ने अपने बाप-दादों का मतलब न समझकर बहुत से नये-नये धर्म बनाकर शास्त्रों में घर दिये। बस सभी तिथि, व्रत और सभी स्थान तीर्थ हो गये, सो इन बातों को अब एक बार आँखा खोलकर देख और समझ लीजिए।

प्रश्न (i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) प्रस्तुत गद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) 'सामाजिक धर्म' किसे कहा गया है?

(iv) लेखक किस बात को ग्रहण करने को कहता है?

(ख) सूर्यदेव की उदारता और न्यायशीलता तारीफ के लायक है। तरफदारी तो उसे छू तक नहीं गयी- पक्षपात की तो गंध तक उसमें नहीं, देखिए न उदय तो उसका उदयाचल पर हुआ पर क्षण हो भर में उसने अपने नये किरण कलाप को उसी पर्वत के शिखर पर नहीं, प्रत्युत सभी पर्वतों के शिखरों पर फैलाकर उन सब की शोभा बढ़ा दी। उसकी इन उदारता के कारण समय ऐसा मालूम हो रहा है। जैसे सभी भूधरों ने अपने शिखरों अपने मस्तको पर दुपहरिया के लाल लाल फूलों के मुकुट धारण कर लिए हों।

(i) प्रस्तुत गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) उदित होते समय सूर्य किस प्रकार दिखाई पड़ता है?

(iv) सूर्यदेव के स्वभाव के विषय में लेखक के क्या विचार है?

4. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश का सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए तथा काव्य सौन्दर्य लिखिए। 10

(क) दीपक दीया तेल भरि, नाती दई अष्ट्ट ।

पूरा किया विसाहुणा, बहुरि न आवे अट्ट ।

(ख) अब कै राखि लेहु भगवान ।

हौं अनाथ बैठ्यो द्रुम डरिया, पारधी साधे बान।

ताकैं डर मैं भाज्यौ चाहत, ऊपर दुक्यौ सचान ।

दुहूँ भाँति दुख भयौ आनि यह, कौन उबारै प्रान?

सुमिरत ही अहि डस्यौ पारधी, कर छूट्यौ संधान ।

सूरदास सर लग्यौ सचानहिं, जय-जय कृपानिधान ।।

5. (क) निम्न में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय दीजिए एवं रचना का उल्लेख कीजिए ।

(i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ii) आ. महावीर प्रसाद द्विवेदी (iii) सरदार पूर्ण सिंह

(ख) निम्न में से किसी एक कवि का जीवन परिचय दीजिए, एवं उनकी रचना का उल्लेख कीजिए।

(i) कबीरदास (ii) सूरदास (iii) तुलसीदास

6. बलिदान अथवा आकाशदीप कहानी का सारांश लिखिए।

7. 'राजमुकुट' नाटक के आधार पर 'महाराणा प्रताप' का चरित्र चित्रण कीजिए।

8. प्रस्तुत गधांश का हिन्दी अनुवाद कीजिए।
(क) ऋषेः भरद्वाजस्य आश्रमः अपि अत्रैव अस्ति यत्र पूरा दशसहस्तमित विद्यार्थिनः अधीतिनः आसन। । पितु आज्ञा पालयन् पुरुषात्तमः श्रीरामः अयोध्यायाः वन गच्छन कुत्र मया वस्तव्यम् इति प्रष्टुम अत्रैव भारद्वाजस्य समापम् आगतः चित्रकूटमेव अत्रागत्य उचितं स्थानं इति तेनादिष्टः रामः सीतया लक्ष्मणेन च सह चित्रकूटम अगच्छत् ।

**अथवा**

अयं पर्वतराजः भारतवर्षस्य उत्तरसीम्नि स्थितः तत् प्रहरीव शत्रुभ्यः सततं रक्षति। हिमालयादेव समुदगम् गङ्गा-सिन्धु-ब्रहमपुत्राख्याः महानद्यः शतद्रि-विपाशा-यमुना-सरयू-गण्डकी नारायणी कौशिकी प्रभृतयः नद्यश्च समस्तामपि उत्तरभारतभुवं स्वीकीयैः तीर्थोदकैः न केवलं पुनन्ति अपितु इर्मा शस्यश्यामलामपि कुर्वन्ति ।

(ख) प्रस्तुत श्लोक का हिन्दी अनुवाद कीजिए।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुवा यद्भदं तन्न आसुव||

अथवा

वृत्तं यत्नेन संरक्षेद वित्तमायाति यति च |

आक्षीणो क्तितः क्षीणो वृत्ततस्तु हतो हतः ।।

9. (क) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो का अर्थ लिखिते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(i) अंधे की लकड़ी

(iii) ऊंट के मुंह में जीरा

(ii) लकीर का फकीर

(ख) निम्न में से किन्हीं दो शब्दों का सन्धि-विच्छेद कीजिए।

विद्यालय, स्वागतम्, गणेश, पवन, तथैव https://www.upboardonline.com

(ग) निम्न शब्दों में से किसी दो के पर्यायवाची शब्द लिखिए।

अग्नि, नदी, सागर, कमल

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यांशों का एक शब्द लिखिए

(i) सदा सत्य बोलने वाला।

(ii) जिसका पेट लम्बा हो।

(iii) जो पढ़ना-लिखना जानता हो ।

(iv) जिसका कोई आकार न हो।

10. (क) हास्य अथवा वीर रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो। 2

(ख) यमक या श्लेष अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए | 2

(ग) दोहा अथवा सोरठा छन्द का लक्षण तथा उदाहरण दीजिए 2

11. किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए-

(क) सड़क यातायात नियमों का पालन ।

(ख) अनुशासन का महत्व ।

(ग) एक भारत अखण्ड भारत।

(घ) विज्ञान वरदान है या अभिशाप?

12. अपने प्रधानाचार्य जी को खेल का समान जारी कराने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।2

13. किन्ही दो शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए । उज्जवल, शाशन, सिक्षा, अध्यन 2

14. (क) किसी एक शब्द युग्म के अलग-अलग अर्थ लिखिए-

(i) अनलु-अनिल

(iii) क्षितिज-क्षिति

(ii) अंश - अंस

(ख) दिये गये शब्दों की विभक्ति और वचन पहचान कर लिखिए |

नाम्ना, आत्मसु, आत्मा राजस्याम्